**<u>गांधी जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित 150 कार्यक्रमों की श्रृंखला में से प्रथम मासिक विवरण–माह अक्टूबर, 2018 (2 अक्टूबर, 2018 से 2 नवम्बर, 2018 तक)</u>**

**1. 2 अक्टूबर 2018 को गांधी जयंती समारोह–**

# गाँधी जी की 150 वीं जयन्ती पर विश्वविद्यालय में स्वच्छता अभियान व सारस्वत उद्बोधन के रूप में प्रथम पुष्प संपन्न :

## क्षमाशीलता गाँधी जी की अहिंसा का मूल मर्म : प्रो0 उदय जैन




P-01

राजभवन एवं मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग की सद्प्रेरणा से अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के गांधी अध्ययन केन्द्र के माध्यम से महात्मा गाँधी जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों का आयोजन **<u>2 अक्टूबर 2018 से 2 अक्टूबर 2019</u>** के मध्य किये जाने का संकल्प लिया गया है। इस संकल्प के अधीन पूरे एक वर्ष के दौरान गांधी जी के जीवन एवं विचारों पर केन्द्रित कुल 150 कार्यक्रमों के आयोजन प्रत्येक माह के भिन्न–भिन्न तिथियों में आयोजित किये जायेंगे। इसी कड़ी में **<u>2 अक्टूबर, 2018</u>** को गाँधी जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य इन्द्रधनुषीय समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के प्रमुख रूप से दो सोपान थे–प्रथम, विश्वविद्यालय परिसर की साफ–सफाई हेतु स्वच्छता अभियान का आयोजन एवं द्वितीय सोपान में गांधी जी के जीवन व विचारों पर केन्द्रित सारस्वत व्याख्यान एवं छात्र/छात्राओं द्वारा प्रस्तुत साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतीकरण किये गये। इस सत्र की एक झलक P-02 के रूप में संलग्न है–




P-02

प्रथम सत्र के अन्तर्गत बी.काम. (आनर्स) एम.काम. एवं एम. फिल के छात्र/छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में गाजर घास उन्मूलन एवं अन्य खर–पतवार इत्यादि की साफ–सफाई तथा कचरे आदि का संग्रहण कर सफाई का कार्य सम्पन्न किया गया। इस कार्यक्रम की विशेष उल्लेखनीय बात यह रही कि भोपाल से पधारे माननीय मुख्य वक्ता पूर्व कुलपति, प्रो. उदय जैन, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा, कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो. के.एन.सिंह यादव, कुलपति, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा तथा विशिष्ट अतिथि प्रो. आर.एम. मिश्रा जी, पूर्व कुलपति, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा, विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय अभिभावकों ने भी कार्यक्रम में अपनी सक्रिय सहभागिता दी। वास्तव में इस सांकेतिक कार्यक्रम के माध्यम से गाँधी जयंती के अवसर पर युवाओं को एवं सम्पूर्ण देशवासियों को विशेष रूप से युवाओं को इस बात का संदेश दिया जाना है कि गाँधी जी द्वारा अपनाई गयी जीवन शैली को अपनाकर हम कैसे स्वयं अपने देश तथा राष्ट्र एवं विश्व का कल्याण कर सकने में सक्षम हो सकते हैं।

इस समारोह के द्वितीय सत्र में महात्मा गाँधी जी एवं क्षमाशीलता का गुणधर्म विषय पर एक सारस्वत व्याख्यान आयोजत किया गया जिसके प्रमुख वक्ता प्रख्यात मनोवैज्ञानिक तथा पूर्व कुलपति, प्रो. उदय जैन ने अपने उद्‌बोधन में यह कहा कि वास्तव में पूज्य बापू के जीवन एवं विचार बहुआयामी हैं। उन्होंने न केवल भारतीय अपितु विश्व साहित्य से सद्‌गुणों एवं सद्‌विचारों को लेकर उन्हें अपने व्यक्तित्व एवं कृतित्व का अभिन्न हिस्सा बनाया, जिसका सुफल यह रहा कि उन्होंने पूरे विश्व की मानवता के लिए प्राण–प्रण से अपना सर्वस्य न्योछावार कर पीड़ित मानवता, रंगभेद, छुआछूत, करूणा, सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, अस्तेय, कायिक श्रम, खादी एवं रोजगार आदि पर स्वयं अपने प्रयोग से पूरे विश्व की दशा एवं दिशा तय की जिसका आज भी अनुशरण कर हम अपने आपको धन्य पाते हैं। इस सत्र की एक झलक P-03 के रूप में संलग्न है–



P-03

कार्यक्रम का आयोजन मुख्यतः दो सत्रों में किया गया जिसके अन्तर्गत प्रथम सत्र के दौरान माननीय मुख्य अतिथि एवं माननीय अध्यक्ष महोदय तथा माननीय विशिष्ट अतिथि के मार्गदर्षन में बी.काम. (आनर्स) एवं एम.काम. एवं एम. फिल के छात्र/छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में गाजर घास के पौधों को उखाड़कर स्वच्छता अभियान सम्पन्न किया गया। तत्पश्चात् कार्यक्रम के दूसरे सत्र में कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं गांधी जी तथा शास्त्री जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण द्वारा किया गया। इसके बाद माननीय अतिथि जनों का माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। स्वागत उद्बोधन प्रो. राजीव दुबे जी द्वारा किया गया। वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष एवं गांधी अध्ययन केन्द्र के संचालक प्रो. एन.पी. पाठक जी के द्वारा विषय प्रवर्तन किया गया। कार्यक्रम में बी.काम. (आनर्स) के छात्र/छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गयी जिसके अन्तर्गत बी.काम (आनर्स) के छात्र/छात्राओं ने स्वच्छता, नशामुक्ति एवं बेटी बचाओं की अवधारणा पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रमुख आचार्यो में प्रो. ए.के. श्रीवास्तव, प्रो जे.पी. सिंह, प्रो. श्रीमती अंजली श्रीवास्तव, प्रो. आर.एन. सिंह, प्रो. एस.एल. अग्रवाल, प्रो. आर.एन. पटेल, प्रो. महेशचंद श्रीवास्तव, प्रो. डी.एस. बघेल, प्रो. श्रीकांत मिश्र, प्रो. श्रीमती मृणाल श्रीवास्तव, प्रो. सी.एम. तिवारी तथा श्रीमती वंदना निगम आदि एवं कर्मचारी व अभिभावक तथा 300–400 की संख्या में बी.काम. (आनर्स), एम.काम. तथा एम.फिल के छात्र/छात्राओं की उपस्थिति रही। गांधी जी के आदर्शों का अनुशरण करते हुए माननीय अध्यक्ष महोदय प्रो. के.एन. सिंह यादव कुलपति, अ.प्र. सिंह विश्वविद्यालय, रीवा द्वारा बी.काम (आनर्स) एवं एम.काम तथा व्यावसायिक अर्थशास्त्र के छात्र/छात्राओं एवं सम्मानित अतिथियों, शिक्षकों, तथा अभिभावकों को अहिंसा और शांति, स्वच्छता एवं नशामुक्ति की शपथ दिलाई गयी। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. एन.पी. पाठक जी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन समवेत स्वर में राष्ट्रगान के द्वारा किया गया ।

इस कार्यक्रम के पश्चात क्रमशः दिनांक **6.10.2018 को निबंध प्रतियोगिता**, **8.10.2018 को पोस्टर प्रतियोगिता**, **12.10.2018 को वाल राइटिंग**, **15.10.2018 को सफाई अभियान**, **22.10.2018 को नुक्कड़ नाटक**, **27.10.2018 को सद्भावना रैली** तथा **29.10.2018 को स्लोगन प्रतियोगिता** एवं **01.11.2018 को स्वावलंबन पखवाड़े** के अन्तर्गत देश भक्ति पर आधारित गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।

## 2. गॉधी जी की 150वीं जयन्ती का द्वितीय पुष्प निबंध प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न :

2 अक्टूबर, 2018 को गाँधी जयंती समारोह के बाद दिनांक **6.10.2018** को वाणिज्य विभाग, अ.प्र. सिंह विश्वविद्यालय, रीवा में गाँधी जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतियोगिता की श्रृंखला में गाँधी जी के **''नैतिक मूल्य सत्य एवं अहिंसा''** विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस निबंध प्रतियोगिता में बी.काम (आनर्स) एवं एम.काम के कुल 24 छात्र/छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती एवं बापू जी के चित्र पर माल्यार्पण द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गाँधी अध्ययन केन्द्र के संचालक एवं वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एन.पी. पाठक जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अ.प्र. सिंह विश्वविद्यालय

रीवा के कुलपति प्रो. के.एन. सिंह यादव जी रहे। प्रतियोगिता में वीक्षक की भूमिका वाणिज्य विभाग के सभी शिक्षकों ने की। निबंध प्रतियोगिता 40 मिनट की रही जिसमें गाँधी जी के ''नैतिक मूल्यों–सत्य और अहिसा'' विषय पर कुल 24 छात्र/छात्राओं द्वारा 400–500 शब्दों में अपने लेखन प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया।

प्रतियोगिता सम्पन्न होने पर सभी प्रतिभागियों की उत्तर पुस्तिकाओं को आगामी कार्यवाही यथा–मूल्यांकन एवं परिणाम व निर्णय हेतु सम्प्रेषित किया गया। गाँधी जी की 150वीं जयन्ती पर आयोजित 150 कार्यक्रमों की श्रृंखला में अक्टूबर माह का यह सप्ताह स्वच्छता पर आधारित होने के कारण यह प्रतियोगिता भी स्वच्छता की मूल भावना पर ही केन्द्रित रही जिसका वृहत्तर उद्देश्य छात्र/छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। इस सत्र की एक झलक P-04 के रूप में संलग्न है–




P-04

**3. गॉधी जी की 150वीं जयन्ती का तृतीय पुष्प पोस्टर प्रतियोगिता के रूप में संपन्न :**

दिनांक 8.10.2018 को पोस्टर प्रतियोगिता, वाणिज्य विभाग अ.प्र.सिंह विश्वविद्यालय रीवा में दिनांक **8.10.2018 को पोस्टर प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया जो कि समग्र स्वच्छता शीर्षक पर आधारित था। इस विधा में बी.काम (आनर्स) एवं एम.काम के कुल 10 छात्र/छात्राओं ने भाग लेकर पोस्टर प्रतियोगिता में सहभागिता दी। इसमें सहभागियों की कुल संख्या 10 थी। निर्णायक मंडल के आमंत्रित सदस्यों ने इनमें से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सहभागियों को चिन्हित किया। इस सत्र की एक झलक P-05 एवं P-06 के रूप में संलग्न है–



P-05




P-06

**4. गॉधी जी की 150वीं जयन्ती का चतुर्थ पुष्प वाल राइटिंग प्रतियोगिता के रूप में संपन्न :**

12.10.2018 वाल राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न, दिनांक 12.10. 2018 को वाणिज्य विभाग, अ.प्र. सिंह विश्वविद्यालय, रीवा में **वाल राइटिंग प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया, जिसका शीर्षक **'स्वच्छता एवं महात्मा गॉधी'** था। सहभागी छात्र/छात्राओं ने गॉधी जी के स्वच्छता संबंधी सभी पहलुओं में से अपनी स्वेच्छा अनुरूप मूल क्षेत्र में से उप क्षेत्रों का चुनाव कर इसे अपनी वाल राइटिंग में विधि विभाग की बाउण्डरी वाल में रूपायित किया। तदुपरान्त निर्णायक मण्डल द्वारा तत्क्षण पधारकर इनमें से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्रदान कर प्रतियोगिता संपन्न करायी गयी। इसमें प्रतिभागियों की कुल संख्या 11 रही। इस सत्र की एक झलक P-07 के रूप में संलग्न है–



P-07

5. **गाँधी जी की 150वी जयंती का पाँचवा पुष्प सफाई अभियान के रूप में संपन्न :**

गाँधी जी की 150वीं जयंती के अवसर पर वाणिज्य विभाग अ.प्र. सिंह विश्वविद्यालय, रीवा में दिनांक **15.10.2018** को विधि भवन परिसर में **सफाई अभियान** का आयोजन किया गया। उपर्युक्त आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. के.एन. सिंह यादव जी के कुशल एवं प्रभावी नेतृत्व एवं गाँधी अध्ययन केन्द्र के अन्तर्गत गठित संचालन समिति के संयोजकत्व में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों, छात्र/छात्राओं एवं स्थानीय अभिभावकों एवं अतिथि शिक्षकों आदि की लगभग 300 की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस सफाई अभियान के अन्तर्गत विधि विभाग के परिसर में संचालित वाणिज्य पाठ्यक्रम के बी.काम (ऑनर्स) एवं एम.काम के छात्र/छात्राओं द्वारा परिसर में उगे घास–पूस एवं खर–पतवार एवं एकत्र कचरे को उचित सशोधन की गतिविधि सम्पादित की गई। सफाई अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति, प्रो. के.एन. सिंह यादव जी ने अपने कर कमलों से कचरे की सफाई कर तथा एकत्र कचरे का संशोधन कर छात्र/छात्राओं को स्वच्छता की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उनके साथ इस सक्रिय सहभागिता में विश्वविद्यालय के आचार्य प्रो. अंजली श्रीवास्तव, प्रो. आर.एन. सिंह, प्रो. महेशचंद श्रीवास्तव, प्रो. श्रीकांत मिश्र एवं प्रो. अब्दुल हकीम उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के अन्त में गाँधी अध्ययन केन्द्र के संचालक प्रो. एन.पी. पाठक जी ने माननीय कुलपति जी, शिक्षकों, कर्मचारियों तथा छात्र/छात्राओं एवं स्थानीय अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस सत्र की एक झलक P-08 के रूप में संलग्न है–



P-08

6. **गाँधी जी के जीवन दर्षन पर केन्द्रित छठवॉ पुष्प नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता के रूप में संपन्न :**

दिनांक **22.10.2018 को नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। यह आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.एन. सिंह यादव जी के कुशल नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। विश्वविद्यालय में संचालित वाणिज्य पाठ्यक्रम के बी.काम (आनर्स) एवं एम.काम के छात्र/छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस नाटक विधा में सहभागियों की कुल संख्या 35 थी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. के.एन. सिंह यादव जी रहे तथा उनके साथ इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के आचार्य प्रो. अंजली श्रीवास्तव, प्रो. राजीव दुबे, प्रो. एस.एल. अग्रवाल, प्रो. महेश चंद श्रीवास्तव एवं प्रो. अब्दुल हकीम सहित व्यावसायिक अर्थशास्त्र विभाग के अतिथि विद्वानों की उपस्थिति विशेष रूप से रही। इस सत्र की एक झलक P-09 के रूप में संलग्न है–



P-09

**7. गाँधी जी के 150वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित सातवॉ पुष्प सद्भावना रैली के रूप में संपन्न :**

दिनांक **27.10.2018** को वाणिज्य विभाग अ.प्र. सिंह विश्वविद्यालय रीवा के बी.काम (आनर्स) एवं एम.काम के छात्रों द्वारा **सद्भावना रैली** का आयोजन किया गया जो विधि भवन से प्रारंभ होकर कप्तान अवधेश प्रताप सिंह की प्रतिमा से वापस होकर पुनः विधि भवन तक निकाली गई। यह आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. के.एन. सिंह यादव जी के कुशल नेतृत्व एवं गाँधी अध्ययन केन्द्र के अन्तर्गत गठित संचालन समिति के संयोजकत्व में सम्पन्न हुआ। इस रैली के द्वारा छात्रों ने समाज को देशभक्ति पारस्परिक सौहार्द्र एवं भाईचारे का संदेश दिया। इस रैली में सहभागियों की संख्या 325 ऑकी गयी। रैली के दौरान गॉधी जी द्वारा पसंद की जाने वाली प्रार्थनाओं को लयबद्ध ढंग से गाया गया। इस सत्र की एक झलक P-10 एवं P-11 के रूप में संलग्न है–




P-10



P-11

**8. गाँधी जी के 150वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित आठवॉ पुष्प स्लोगन प्रतियोगिता के रूप में संपन्न :**

दिनांक **29.10.2018** को वाणिज्य विभाग, अ.प्र. सिंह विश्वविद्यालय रीवा में गाँधी जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित 150 कार्यक्रमों की श्रृंखला का आठवां कार्यक्रम स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन मध्यान्ह 12.30 बजे विधि भवन में किया गया जिसका शीर्षक **'गाँधी जी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व'** रहा। स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन अ.प्र. सिंह विश्वविद्यालय रीवा के कुलपति, माननीय प्रो. के.एन. सिंह यादव जी के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एन.पी. पाठक सहित वाणिज्य विभाग के सभी अतिथि शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में सहभागियों की संख्या 08 थी। कार्यक्रमोंपरान्त निर्णायक मण्डल के माध्यम से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को चिन्हित किया गया। इस सत्र की एक झलक P-12 एवं P-13 के रूप में संलग्न है–



P-12



P-13

**9. गाँधी जी के 150वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित नौवॉ पुष्प गीत गायन प्रतियोगिता के रूप में संपन्न :**

दिनांक <u>01.11.2018</u> वाणिज्य विभाग, अ.प्र. सिंह विश्वविद्यालय रीवा में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जी की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित 150 कार्यक्रमों की मासिक श्रृंखला में आज नवम्बर 2018 माह की **<u>प्रथम प्रतियोगिता का शुभारंभ गीत–गायन प्रतियोगिता</u>** के साथ हुआ जिसकी अध्यक्षता प्रो. श्रीकांत मिश्र, वरिष्ठ प्राध्यापक, अद्वैत वेदान्त एवं दर्शन विभाग ने की। गायन प्रतियोगिता में वाणिज्य विभाग के छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। इस गायन प्रतियोगिता कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की विधाओं की प्रतियोगिताएं यथा– समूह गायन, एकल गायन जैसी विधांए छात्रों द्वारा प्रस्तुत की गई, जिसमें वाणिज्य विभाग के लगभग 20 छात्र/छात्राओं ने अपनी प्रस्तुतियां दी। इस प्रतियोगिता में प्रो. अब्दुल हकीम, विजिटिंग प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग एवं सभी अतिथि विद्वान सहित बी.काम. (आनर्स) तथा एम.काम. के सभी छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे। इस सत्र की एक झलक P-14 के रूप में संलग्न है–




P-14

इन कार्यक्रमों की एक झलकियॉ P-01 से  P-14 के रूप में संलग्न कर प्रस्तुत है।